# वार्षिक परीक्षा (2020-21)

## विषय : हिन्दी

समय : 3:00 घंटे कक्षा-9th पूर्णांक : 70

नोटः- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए 1

    (i) प्रतापनारायण मिश्र द्विवेदी युग के प्रमुख गद्यकार हैं।

    (ii) भारतेन्दु युग को 'जागरण' तथा द्विवेदी युग को 'निर्माण' के नाम से जाना जाता है।

    (iii) अध्यापक पूर्ण सिहं भारतेन्दु युग के प्रवर्तक माने जाते है।

    (iv) 'हरिश्चन्द्र पत्रिका' के सम्पादक बालकृष्ण भट्ट है।

   (ख) निम्नलिखित कृतियों में किसी एक कृति के लेखक का नाम लिखिए। 1

    (i) मजदूरी और प्रेम (ii) इन्दुमती

    (iii) कछुआ धर्म (iv) काश्मीर कुसुम

   (ग) किसी एक नाटककार का नाम लिखिए। 1

   (घ) 'नील देवी' किस विधा की रचना है? 1

   (ड़) 'भारतेन्दु पत्रिका' के सम्पादक का नाम लिखिए। 1

2. (क) 'वीरगाथा काल' की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

   (ख) 'पृथ्वीराज रासो' और 'जय मयंकजस चन्द्रिका' के रचिताओं का नाम लिखिए। 2

   (ग) तुलसीदास की दो काव्य कृत्तियों के नाम लिखिए। 2

3. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2+4+2=8

   (क) "ऐसे ही दुर्घटकाल में इस देश की मिट्टी ने अनेक महापुरूषों को उत्पन्न किया, जो सड़ी रूढ़ियों, मृतप्राय आचारों, बासी विचारों, और अर्थहीन संकीर्णताओं के विरूद्ध प्रहार करने में कुण्ठित नहीं हुए और इन जर्जर बातों से परे सबमें विद्यमान सबको नई ज्योति और नया

(P.T.O.)

जीवन प्रदान करने वाले महान जीवन देवता की महिमा प्रतिष्ठित करने में समर्थ हुए।"

(i) उपरोक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) उपरोक्त गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि महापुरूषों ने किन बातों पर प्रहार किया है?

(ख) "अरे मूर्ख यह क्यों नहीं कहता कि जो कुछ न होना था, हो चुका। जो कुछ होना था, वह कहाँ हुआ? माँ–बाप ने बेटा का सेहरा कहाँ देखा? मृगलिनी का कामनातरू तथा पल्लव और पुष्प से रंजित हो उठा? मन में वह स्वर्ण स्वप्न जिनसे जीवन आनन्द को स्त्रोत बना हुआ है, क्या पूरे हो गए? जीवन के नृत्यमय तारिका मण्डित सागर में आमोद की बहार लूटते हुए क्या उसकी नौका जल मग्न नहीं हो गई? जो न होना था वह हो गया।"

(i) उपरोक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) लेखक के अनुसार 'नौका जलमग्न हो गई' से क्या आशय है?

4. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 2+4+2=8

(क) यहु ऐसा संसार है, जैसा सैंबल फूल।
दिन दस के ब्यौहार कौ, झूठै रंग न भूलि।।

(ख) आँख में हो स्वर्ग लेकिन, पाँव पृथ्वी पर टिके हों,
कंटको की इस अनोखी, सीख का सम्मान कर ले।
पूर्व चलने के वटोही, वाट की पहचान कर ले।

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय दीजिए एवं उसकी एक रचना का नाम लिखिए। 2+1=3

(i) प्रेमचन्द (ii) हजारी प्रसाद द्विवेदी (iii) काका कालेलकर

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय दीजिए तथा उसकी एक रचना का नाम लिखिए। 2+1=3

(Continue...)

(i) मीराबाई (ii) मैथिलीशरण गुप्त (iii) कबीर दास

6. निम्नलिखित का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए 1+4=5

अयं महापुरूषः स्वकीयेन योगाभ्यासबलेनैव एतावान् महान् सञ्जातः। स ईदृशः विवेकी शुद्धचित्तश्च आसीत् यत तस्य कृते मानव कृताः विभेदाः निर्मूलाः अजायन्त। स्वकीयेन आचारेण एव तेन सर्वसधितम्। विश्व विश्रुतः स्वामी विवेकानन्दः अस्यैव महाभागस्य शिष्यः आसीत्।

अथवा

अकृत्वा पर सत्तापमगत्वा खलमन्दिरम्।

अनुल्लड्.घ्य सतां मार्म यत् स्वल्पमति तद् बहु।।

7. (क) अपनी पाठ्यपुस्तक में याद किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो। 2

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए। 1

(i) ईश्वरः कस्य–कस्य रूपे निहितं अस्ति?

(ii) सज्जनाः के भवन्ति?

(iii) श्रीकृष्णः कथं लोकप्रियः अभवत्?

(i) कस्य संसर्ग व्यजेत्?

8. दीपदान एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

दीपदान एकांकी के प्रमुख पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।

9. (क) मैं तो गिरधर के संग जाऊँ
गिरधर म्हारो साँचों प्रीतम देखत रूप लुभाऊँ
इसमें कौन–सा रस है तथा स्थायी भाव बताइए। 3

(ख) 'अनुप्रास अलंकार' अथवा 'यमक अलंकार' की परिभाषा देते हुए उदाहरण लिखिए। 2

(ग) 'दोहा' अथवा 'चौपाई' की परिभाषा देते हुए उदाहरण लिखिए।2

10. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के तद्भव रूप लिखिए। 2

(i) मस्तक (ii) भ्राता (iii) लक्ष (iv) भिक्षा।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास विग्रह कीजिए तथा समास का नाम भी लिखिए। 2

(i) यथा सम्भव (ii) उपगंगा (iii) गृह प्रवेश (iv) घुड़सवार

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।2

(i) बारात (ii) बदाम (iii) स्वध्याय (iv) संसारिक

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों व लोकोक्तियों का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 2

(i) आस्तीन का साँप (ii) ईद का चाँद होना

(iii) एक अनार सौ बीमार (iv) आ बैल मुझे मार

11. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो में सन्धि कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए। 2

(i) पितृ+आज्ञा (ii) अति+आचार: (iii) वसुधा+एव (iv) वन+औषधि:

(ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप पंचमी विभक्ति बहुवचन में लिखिए।2

(i) सूर्य अथवा बालक (ii) रवि अथवा प्रभु

(ग) निम्नलिखित में से किसी एक के धातु, लकार, पुरूष एवं वचन का उल्लेख कीजिए। 2

(i) गच्छथ (ii) भवन्ति (iii) अभवत

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।2

(i) वह गाता है। (ii) सीता ने पत्र लिखा

(iii) वह खाता है। (iv) महेश कल यहाँ आयेगा।

12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। 4

(क) तबियत खराब होने के कारण 'एक सप्ताह' के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थनापत्र लिखिए।

(ख) बैंक के लिपिक पद के लिए प्रबन्धक को आवेदन पत्र लिखिए।

https://www.evidyarthi.in